राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक
पाठ 21 : पत्र लेखन
कार्यपत्रक - 21

1. भारत एक विभाग में अधिकारी है। उसने अपने ही कार्यालय के अन्य विभाग के अधिकारी को पत्र लिखा है। यह पत्र औपचारिक पत्र के किस भेद के अंतर्गत आएगा? स्पष्ट करते हुए लिखिए।

2. आपने हाल ही में किसी मनोरम स्थान की यात्रा की है। अपनी बहन को उस स्थान के बारे में बताते हुए एक पत्र लिखिए।

3. आपने कुछ समय पहले ही एक कंपनी से एक फ्रिज ऑनलाइन माध्यम से खरीदा है परंतु वह ठीक से कार्य नहीं कर रहा है। उस कंपनी के प्रबन्धक को एक शिकायती पत्र लिखिए।

4. प्रौद्योगिकी के विकास से पत्र लेखन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। आपने पत्र लेखन में ऐसे कौन से परिवर्तन अनुभव किए हैं? स्पष्ट करते हुए लिखिए।

5. औपचारिक पत्र लिखते हुए आप कौन-कौन सी बातों का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे? एक उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

6. गाँव में रह रहे अपने परिवार को कोविड-19 महामारी और उस से बचने के उपायों की जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए।

7. किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखकर अपने कस्बे/शहर की खराब सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चिंता व्यक्त कीजिए।

8. आपके व्यक्तिगत जीवन में पत्रों का क्या महत्व है? अपने एक अनुभव का संदर्भ देते हुए लिखिए।

9. आपके किसी संबंधी की अकाल मृत्यु हो गयी है। उनके परिवार जन को शोक पत्र लिखकर सांत्वना दीजिए।

10. आपको एक कार्यालय में किसी पद पर नियुक्ति हुई है। उस कार्यालय के सचिव को अपना कार्यभार ग्रहण पत्र लिखिए।